बिरला शिशु विहार के विद्यार्थियों ने एथलेटिक मीट में दिखाया दमखम

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। अंडर -14 बी.ई.टी. इंटर स्कूल एथलेटिक मीट - 2023 (बॉयज - गर्ल्स) का आयोजन 17 नवंबर को बिरला बालिका विद्यापीठ में किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बिरला एजुकेशन ट्रस्ट पिलानी के डिप्टी डायरेक्टर (फाइनेंस) डॉ. जी. एस. गौड़ थे। प्रतियोगिता में बिरला शिक्षण संस्थान के सभी विद्यलायों के विद्यार्थिओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना की शपथ ग्रहण की। प्रतियोगिता में छात्र तथा छात्राओं की 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लम्बी कूद , 400 मीटर रेस, शॉट पुट तथा 400 मीटर रिले का आयोजन किया गया। विद्यालय की स्पोर्ट्स विभाग शिक्षका श्रीमती दिव्या मुद्गल ने बताया कि गोला फेंक में डेविड राव प्रथम स्थान, बॉयज लंबी कूद में डेविड राव प्रथम व साहिल ने तृतीय स्थान, गर्ल्स लंबी कूद में स्वस्थी ने प्रथम रिले में द्वितीय स्थान 100 मीटर रेस विशाल ने तृतीय स्थान तथा 200 मीटर रेस में अनितेज ने तृतीय

स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने प्रतिभागियों एवं स्पोर्ट्स विभाग के शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी व आगे भी इसी प्रकार के प्रदर्शन की कामना की। प्राचार्य ने कहा की ये सफलता खिलाड़ियों के समपर्ण और कड़ी मेहनत का उदहारण है।

सतरंगी सप्ताह के तहत वॉकथॉन का हुआ आयोजन: स्वीप अभियान के तहत जिले में थीम आधारित (सतरंगी सप्ताह) लोकतंत्र सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी बचनेश अग्रवाल ने बताया कि अलग-अलग कलर थीम के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को समावेशी वॉकथॉन का आयोजन कलेक्ट्रेट से रेलवे स्टेशन तक किया गया, जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी बचनेश अग्रवाल ने रवाना किया। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी जवाहर चौधरी, सहा. नोडल अधिकारी बिजेन्द्र सिंह राठौड़, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अनिल पूनियां, उप वन संरक्षक, शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक मनोज ढाका, स्काउट सीओ महेश कालावत, गाइड सीओ सुभिता गिल, इलेक्शन आईकन जाकिर अब्बासी सहित बडी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, पूर्व सैनिक, स्काउट गाइड उपस्थित रहे। 19 को प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट से सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के कार्यालय तक दिव्यांग मतदाताओं द्वारा ट्राई साइकिल एवं स्कूटी रैली होगी।